उत्तर प्रदेश में खराब टेलीफोन

3156. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में क्रमश: शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत विभिन्न टेलीफोन केन्द्रों में टेलीफोन प्रणाली के खराब होने का अनुपात जिलेवार और टेलीफोन केन्द्र वार कितना-कितना है ;

(ख) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में जिला और ग्राम स्तरों पर टेलीफोन प्रणाली आमतौर पर खराब रहती है ; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में जिलेवार कुल कितने इलैक्ट्रानिक टेलीफोन केन्द्र काम कर रहे हैं ; और

(घ) उत्तर प्रदेश के प्रत्येक गांव में टेलीफोन कनेक्शन कब तक दिए जायेंगे और टेलीफोन-प्रणाली के समूचे कार्यकरण में सुधार करने से संबंधित योजनाएं कौन-कौन सी हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) दोषों के जिलेवार तथा एक्सचेंजवार आंकड़े बहुत बड़ी मात्रा में हैं। तथापि, 11 क्षेत्रों/दूरसंचार जिलों में विभाजित दूरसंचार नेटवर्क के संबंध में फरवरी, 93 की क्षेत्रवार सूचना विवरण-1 में दी गई है ।

(ख) जी नहीं ।

(ग) ग्रामीण क्षेत्रों में जिलेवार इलेक्ट्रानिक एक्सचेंजों की संख्या विवरण-2 में दी गई है ।

(घ) पंचायत गांवों को 31 मार्च, 1995 तक उत्तरोत्तर रूप से टेलीफोन सुविधाएं मुहैय्या करा दी जाएंगी बशर्ते कि संसाधन उपलब्ध हों । इसके बाद आठवीं पंचवर्षीय योजना (1992-97) की शेष अवधि में गैर-पंचायत गांवों में टेलीफोन सुविधाओं के प्रावधान का काम संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर हाथ में लिया जाएगा ।

टेलीफोन प्रणाली के कार्य में समय सुधार लाने के लिए इलेक्ट्रो-मैकेनिकल एक्सचेंजों को इलेक्ट्रानिक एक्सचेंजों से बदला जा रहा है और ओवरहैड तारों को भूमिगत केबलों से बदलकर बाह्य संयंत्र का उन्नयन किया जा रहा है ।

विवरण-1

क्र० सं०	यूनिट	फरवरी, 93 तक प्रति 100 केन्द्रों में दोष
1.	महाप्रबंधक, कानपुर	12.0%
2.	महाप्रबंधक, दूरसंचार, लखनऊ	15.3%
3.	महाप्रबंधक दूरसंचार, गाजियाबाद	18.0%
4.	महाप्रबंधक (उत्तरी) बरेली	16.7%
5.	महाप्रबंधक (पूर्वी) वाराणसी	14.2%
6.	दूरसंचार जिला प्रबंधक, आगरा	24.6%
7.	दूरसंचार जिला प्रबंधक, इलाहाबाद	17.4%
8.	दूरसंचार जिला प्रबंधक, मेरठ	16.7%
9.	दूरसंचार जिला प्रबंधक, वाराणसी	16.3%
10.	निदेशक, दूरसंचार (ब० क्षेत्र) देहरादून	19.0%
11.	निदेशक दूरसंचार (केन्द्रीय क्षेत्र) लखनऊ	17.2%

दूरसंचार जिला प्रबंधक
निदेशक दूरसंचार
पश्चिमी क्षेत्र
केन्द्रीय क्षेत्र
उत्तरी क्षेत्र

विवरण—2

क्र० सं०	जिले का नाम	ग्रामीण क्षेत्रों में इलेक्ट्रानिक एक्सचेंजों की संख्या
1.	इलाहाबाद	18
2.	आगरा	9
3.	अलीगढ़	3
4.	अल्मोड़ा	14
5.	आजमगढ़	3
6.	बाराबंकी	5
7.	बिजनौर	1
8.	बलिया	12
9.	बांदा	5
10.	बरेली	शून्य
11.	बहराइच	5
12.	बुलन्दशहर	6
13.	बस्ती	5
14.	बदायूं	शून्य
15.	चमोली	11
16.	देहरादून	9
17.	देवरिया	शून्य
18.	एटा	"
19.	फरुखाबाद	2
20.	फैजाबाद	10
21	गोंडा	4
22.	इटावा	1
23.	फतेहपुर	3
24.	गोरखपुर	14
25.	गाजियाबाद	10
26.	गाजीपुर	3
27.	हरिद्वार	2
28.	हरदोई	शून्य
29.	हमीरपुर	3
30.	जालौन	2
31.	झांसी	3
32.	जौनपुर	3
33.	कानपुर नगर	शून्य
34.	कानपुर ग्रामीण	7
35.	लखीमपुर	7
36.	ललितपुर	2
37.	लखनऊ	9
38.	महाराज गंज	8
39.	मउनाथ भंजन	2
40.	मैनपुरी	2
41.	मुरादाबाद	शून्य
42.	मिर्जापुर	1
43.	मेरठ	9
44.	मथुरा	3
45.	मुजफर नगर	5
46.	नैनीताल	12
47.	पौड़ी	8
48.	पिथौर गढ़	8
49.	पीलीभीत	2
50.	प्रतापगढ़	7
51.	रायबरेली	6
52.	रामपुर	शून्य
53.	सहारनपुर	14
54.	सिद्धार्थ नगर	2
55.	शाहजहांपुर	2
56.	सोनभद्र	2
57.	सीतापुर	2
58.	सुल्तानपुर	15
59.	टिहरी	5
60.	उन्नाव	4
61.	उत्तरकाशी	5
62.	वाराणसी	14
63.	फिरोजाबाद	1

दूरसंचार विभाग में कर्मचारियों की संख्या बढ़ाया जाना

3957. श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि संचार सेवाओं में जिस अनुपात में वृद्धि हुई है उसी अनुपात में दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि नहीं हुई है जिसके कारण बढ़े हुए कार्यभार के संचालन